दिनांकः 29.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

राज्य में आज मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिको को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा रहें है। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के मानसरोवर में रखा गया है। जहां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल संवाद कर रहे है। समारोह में कौशल नियोजन और उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्य वर्धन राठौड़, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और शिक्षा तथा पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर सहित विभागीय अधिकारी और बडी संख्या में युवा शामिल हुए है। ज़िला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री का बधाई संदेश और लोक सेवकों के कर्तव्य, दायित्व और अपेक्षाओं के संबंध में बुकलेट भी दी जा रही है।

....

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए की अधिसूचना में बताया गया कि यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा इस महीने की 18 तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। संयुक्त बैप्ट –यूजीसी–नेट अब 25 से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा भी स्थगित कर दी गई थी। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम–आईटीईपी में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट को भी स्थगित कर दिया गया था। यह परीक्षा अब 10 जुलाई को होगी। एनटीए ने कहा कि अखिल भारतीय आयुष पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा 2024 अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अगले महीने की 6 तारीख को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी है।

....

कर्मचारी पेंशन योजना में छह महीने से कम अंशदायी सेवा वाले ईपीएस सदस्य भी अब निकासी लाभ ले सकेंगे। केन्द्र सरकार ने इसके लिए ईपीएस में संशोधन किया है। इससे हर साल सात लाख से अधिक सदस्य लाभन्वित होगें।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह 'मन की बात' की यह पहली कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और दमूेवदंपत मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा।

....

राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर कल पांच साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलायी जायेगी इसके लिए प्रदेशभर में व्यापक इन्तजामात किये गये है। अभियान के प्रचार–प्रसार के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में आज जिला मुख्यालयों पर जनचेतना रैली निकाली गयी। बूंदी में स्कूली बच्चों के साथ स्वयं सेवी संगठनों ने रैली के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। पाली में आयोजित रैली को बांगड अस्पताल में अधीक्षक पी.सी. व्यास ने हरी झंड़ी दिखायी।

....

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किये गये एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत आज जैसलमेर के चांधन में पौधे लगाये गये। जैसलमेर को हरा भरा करने के मकसद से जिलेभर में 10 दिनों तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों, पार्को और सड़क किनारे पौधे लगाये जायेंगे। पाली में पौधा रोपण अभियान के तहत एक परिवार एक सेल्फी कार्यक्रम चलाया जायेगा इसके तहत पार्को को सेल्फी पॉइन्ट बनाकर पौधों के साथ आम जन को फोटो खिंचने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

....

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून अब प्रदेश के शेष हिस्सो में भी आगे बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज पूर्वी राजस्थान और उत्तरी जिलों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश के आसार है। विभाग ने आज से दो जुलाई तक पूर्वी राजस्थान के ज़िलों में मॉनसूनी गतिविधियों में बढोतरी रहने का पूर्वानुमान जताया है। बीकानेर में आज मॉनसून की पहली बारिश से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। भरतपुर में सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश का दौर बना हुआ है। ज़िला मुख्यालय पर कई कॉलोनियों में पानी भर गया है। मॉनसून के सक्रिय होने से केवलादेव उद्यान की झीलों में भी पानी की आवक शुरू हो गयी है।

....

टी–20 विश्वकप के फाईनल में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वेस्ट इण्डिज के बारबाडोस में मुकाबला होगा। भारतीय समयानुसार रात 08:00 बजे से यह मैच खेला जायेगा। प्रतियोगिता में अब तक अजय चल रही दोनों टीमों के हौसले बुलंदी पर है। भारतीय टीम 11 साल बाद विश्वकप जीतने की उम्मीद के साथ मैदान पर उतरेंगी जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम टूनामेन्ट में पहली बार विश्वकप चैम्पियन बनने के लिए जोर लगायेंगी।

....